यूपीडा

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी-13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, गोमती नगर, लखनऊ-226010
☎0522-2307542/2307592, फैक्स : 522-4013560
upeida2@gmail.com

पत्रांक सं0 8060 /यूपीडा/1631/20/मी0 दिनांक : 24 फरवरी, 2020

विज्ञापन

उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), लखनऊ में विभिन्न नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में मीडिया विषयक कार्यों हेतु दो मीडिया सहायक की आवश्यकता है, जिससे सम्बन्धित विवरण निम्नवत है। आवदेन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से अन्तिम 06 कार्यदिवस निर्धारित है।

शैक्षिक योग्यता :–

1. पत्रकारिता से सम्बन्धित विषय में स्नातक 03 वर्षीय डिग्री।
2. पत्रकारिता में 01 वर्ष का पी0जी0 डिप्लोमा।
3. सर्टिफिकेट ऑफ इलेक्ट्रानिक मीडिया एण्ड टी0 बी0 प्रोडक्शन।
4. सर्टिफिकेट ऑफ क्वॉक एक्सप्रेस इन मीडिया।
5. सोशल मीडिया यथा फेसबुक, टवीट्र, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम आदि प्लेटफार्म पर कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव।
6. हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में आलेख्य लिखने का 02 वर्ष का अनुभव।

कार्य, अवधि एवं वेतन :–

1. प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक /सोशल मीडिया में विभिन्न विषयों की तथ्यपरक सूचनाऐं/जानकारी तथा रिसर्च एवं रिपोर्ट सेक्टर सम्बन्धित उपलब्ध विषय–सामग्री (Content) का अध्ययन कर यूपीडा द्वारा सम्पादित किये जा रहे विभिन्न कार्यों में उपयोगार्थ (Content) को यूपीडा प्रबन्धन के सूचनार्थ प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान करना। सोशल मीडिया के माध्यम से यूपीडा की परियोजनाओं का वृहद् रूप से प्रचार–प्रसार संबंधी कार्य।
2. यूपीडा द्वारा विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में समय–समय पर समचार पत्रों में निर्गत किये जाने वाले विज्ञापनों (Advertisements), सम्पादकीय अथवा उद्देश्यपूर्ण पत्रकारिता लेख की शैली में यूपीडा के उत्पादों के बारे में जानकारी देने विषयक समाचार पत्रों–पत्रिकाओं में निर्गत किये जाने वाले विज्ञापनों तथा विज्ञापन चित्रों (Teasers) एवं प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक विषय–वस्तुओं का संकलित अभिलेख (Publicity collaterals) को तैयार कर यूपीडा प्रबन्धन के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान करना।
3. यूपीडा द्वारा समय–समय पर कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं के सम्बन्ध में यूपीडा की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रगति आख्या की निगरानी (Monitoring) करते हुये उसकी अद्यतन स्थिति विषयक सूचना (Updation) वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने में सहयोग प्रदान करना।
4. यूपीडा के कार्यों के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु मीडिया कर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवसायिक सम्बन्ध स्थापित करने में सहयोग प्रदान करना।
5. विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों/इवेन्ट्स में यूपीडा की ओर से प्रतिभाग करने तथा इस सम्बन्ध में निर्गत की जाने वाली प्रेस रिलीज तैयार कराने के साथ–साथ उनके प्रकाशन (Publication) में सहयोग प्रदान करना।
6. यूपीडा द्वारा समय–समय पर प्रायोजित की जाने वाली प्रेस ब्रीफिंग्स तथा प्रेस वार्ताओं में सहयोग प्रदान करना।
7. अवधि 06 माह जिसे समय–समय पर यूपीडा की आवश्यकतानुसार घटाया–बढ़ाया जा सकता है।
8. वेतन–20,000/– प्रतिमाह

आवेदन हेतु अन्तिम तिथि –विज्ञापन की तिथि से 06 कार्य दिवस।

नोट :– उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) सी–13 द्वितीय तल, पर्यटन भवन विपिन खण्ड, गोमती नगर लखनऊ–226010 को अभिलेखों के साथ उपलब्ध करा सकते है।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी
यूपीडा, लखनऊ।